दिन– मंगलवार

दिनांक– 03 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया। बजट का आकार तीन लाख सैंतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक।

02 बजट में सात निश्चय–तीन पर मुख्य रूप से फोकस। उद्योग क्षेत्र में पचास लाख करोड़ रुपये निजी निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य।

03. चौथे कृषि रोड मैप को बढ़ावा देने और किसानों के लिए कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने की घोषणा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट को संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया।

---

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया। इस बार बजट का आकार तीन लाख सैंतालीस हजार पांच सौ नवासी करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह पिछले बजट की तुलना में तीस हजार करोड़ रुपये अधिक है।

–––बाइट–––

वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में राजकोषीय घाटा उनतालीस हजार एक सौ ग्यारह करोड़ अस्सी लाख रुपये रहने का अनुमान है, जो सकल घरेलू उत्पाद का दो दशमलव नौ–नौ प्रतिशत है।

–––बाइट–––

वित्त मंत्री श्री यादव ने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सरकार सात निश्चय–तीन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और विकसित बिहार, समृद्ध बिहार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। श्री यादव ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में बिहार की आर्थिक विकास दर चौदह दशमलव नौ प्रतिशत रहने की संभावना है।

–––बाइट–––

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में चौथे कृषि रोड मैप को बढ़ावा देने के साथ–साथ उद्योग के क्षेत्र में पचास लाख करोड़ रुपये निजी निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है।

———बाइट———

वित्त मंत्री श्री यादव ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने और एक करोड़ रोजगार के नये अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

---

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट में कई नई घोषणाएं की गयी हैं। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कृषि और पशुपालन तथा संबंद्ध क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तर्ज पर कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने की घोषणा की गयी है। इसके तहत किसानों को सालाना तीन हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, बिहार एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू किया जाएगा। इसके तहत कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस, ग्रेडिंग यूनिट और प्रोसेसिंग यूनिट बनाने के लिए एक लाख रुपये का प्रारंभिक निवेश होगा। इसी तरह, राज्य को एग्री स्टार्टअप हब बनाने के उद्देश्य बिहार कृषि एक्सीलरेशन मिशन, डिजिटल कृषि निदेशालय तथा एआई आधारित कृषि मशीनीकरण मिशन शुरू करने की घोषणा की गयी है। बिहार जल सुरक्षा और सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना की शुरूआत की भी बजट में घोषणा की गयी है। बजट में हर गांव में दुग्ध उत्पादन समिति, हर पंचायत में सुधा बिक्री केंद्र और मेगा मिल्क चिलिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, पोल्ट्री रिसर्च और ट्रेनिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और बकरी तथा सुअर विकास योजना के तहत नये अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की भी घोषणा की गई है। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी हैं। जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। घर बैठे बुर्जुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। बजट में हर प्रखंड में आदर्श विद्यालय और हर जिले में नये डिग्री कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके अलावा, शहरी गरीबों के लिए सस्ते आवास की नई योजना की भी बजट में घोषणा की गयी है। बजट में पांच नई एक्सप्रेस–वे बनाने और सभी सिंगल लेन सड़कों के दोहरीकरण का का प्रस्ताव रखा गया है।

---

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट में सबसे अधिक बजट आवंटन शिक्षा विभाग के लिए किया गया है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

बजट में शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग के लिए अड़सठ हजार दो सौ सोलह दशमलव नौ–पांच करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। शिक्षा विभाग के बाद सबसे अधिक राशि स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभाग को आवंटित किये गये हैं। दोनों विभागों को अलग–अलग तेईस हजार सात सौ एक करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। वहीं, गृह विभाग को बीस हजार एक सौ बत्तीस और ऊर्जा विभाग को अठारह हजार सात सौ सैंतीस करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। इसी तरह अनुसूचित जाति और जनजाति विभाग के लिए इक्कीस हजार दो सौ इक्यावन करोड़ और समाज कल्याण विभाग को तेरह हजार दो सौ दो करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसके अलावा, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए अठारह हजार सात सौ सोलह दशमलव नौ–सात करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

---

विधानसभा में बजट पेश किये जाने के बाद वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने कहा कि बजट में मुख्य रूप से औद्योगिकीकरण पर जोर दिया गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सात निश्चय–तीन के तहत सरकार न्याय के साथ विकास और सबका साथ, सबका विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इसमें किसानों उद्यमियों, युवाओं और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बजट समावेशी है और सुशासन से समृद्धि की ओर ले जाने वाला है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बजट हर बिहारी को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प से प्रेरित है।

———बाइट———

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बजट विकसित बिहार के सपने को पूरा करने वाला है।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह एक संतुलित बजट है और इससे बिहार के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

---

राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। राजद के वरिष्ठ नेता और विधायक भाई बीरेन्द्र ने कहा कि बजट में कुछ भी नया नहीं है।

———बाइट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बजट को उम्मीदों के प्रतिकूल बताया। वामपंथी दलों ने भी बजट की आलोचना की है।

---

आज बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला उठा। भाकपा माले विधायक अरूण सिंह ने इस मुद्दे को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा कि अभी इस मामले की जांच चल रही है। इधर, विधानसभा में बजट पेश होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत हुई।

---

मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह ने आज विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। पटना व्यवहार न्यायालय ने उन्हें कल शपथ ग्रहण की अनुमति दी थी। न्यायालय ने उन्हें अभी किसी अन्य गतिविधि में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है। अनंत सिंह शपथ लेने के बाद पुनः बेऊर जेल भेज दिये गये हैं।

---

विधानमंडल के बजट सत्र को लेकर आज पटना में महागठबंधन विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में राजद और कांग्रेस समेत वामदलों के विधायक शामिल हुए। बैठक में सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों को मुखरता के साथ उठाने पर विचार—विमर्श किया गया।

---

मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। कल सुबह राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर घना कुहासा छाया रह सकता है।

–––बाइट–––

---

आज शब–ए–बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब–ए–बरात का पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर लोग विशेष इबादत करते है और पूर्वजों के लिए दुआएं करते हैं। इस अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों पर प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गयी है। कल शाबान का रोजा भी रखा जायेगा। शब–ए–बरात पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुभकामनाएं दी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया। बजट का आकार तीन लाख सैंतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक।

02 बजट में सात निश्चय–तीन पर मुख्य रूप से फोकस। उद्योग क्षेत्र में पचास लाख करोड़ रुपये निजी निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य।

03. चौथे कृषि रोड मैप को बढ़ावा देने और किसानों के लिए कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने की घोषणा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट को संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।